Minimum Support Prices for the Crop Year 1994-95

(Rs. per quintal)

Sl. No.	Commodity	Variety	Minimum Support Price
16.	Soyabean	Black	570
		Yellow	650
17.	Safflower	FAQ	780
18.	Toria	FAQ	800
19.	Tobacco (Rs. per Kg.)	VFC-F-2*	18.50
		I-2 Grade**	21.00
20.	$Copra (Milling)	FAQ	2500
	Ball	FAQ	2725

@ — These prices are linked to a basic recovery of 8.5% with preportionate premium for every 0.1% increase above that level.

* — Black Soil.

** — Light Soil.

$ — For Calendar year.

दिल्ली विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति

630. **श्री दिग्विजय सिंह:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति क्या है और विभिन्न स्रोतों के माध्यम से विश्वविद्यालय को प्रति वर्ष कितनी धनराशि उपलब्ध कराई जाती है तथा ऐसे प्रत्येक स्रोत का नाम क्या है;

(ख) क्या इस विश्वविद्यालय/संबंधित कालेजों के पास शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने के लिए धन उपलब्ध नहीं है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण है, और विश्वविद्यालय की इस स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार हैं; और

(घ) सरकार दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों में अध्ययनरत छात्रों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले घटकों के निवारण और उक्त समस्या के स्थायी समाधान के लिये क्या ठोस कदम उठाने का विचार कर रही है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) दिल्ली विश्वविद्यालय एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पूर्णतया वित्त पोषित है। वि०अ०आ० द्वारा भेजी गई सूचनानुसार वर्ष 1992-93, 1993-94 तथा 1994-95 में क्रमशः 2853.05 लाख रुपये, 3109.78 लाख रु० तथा 3301.96 लाख रुपये की राशि योजनेतर के अंतर्गत तथा 143.44 लाख रुपये, 23.00 लाख रुपये तथा 117.00 लाख रुपये की राशि योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी गयी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कालेजों को इन वर्षों के दौरान 107.50 लाख रुपये, 148.98 लाख रु० तथा 147.51 लाख रु० की राशि योजना के अंतर्गत तथा 6729.32 लाख रुपये, 7154.80 लाख रु० तथा 8032.10 लाख रुपये की राशि योजनेत्तर के अंतर्गत जारी की गई।

(ख) सरकार को अभी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। शिक्षकों तथा विश्वविद्यालय/कालेजों के कर्मचारियों के वेतनों का भुगतान वि०अ०आ० द्वारा जारी की गई योजनेतर राशि में से किया जाता है। जिसकी मात्रा में गत तीन वर्षों में वृद्धि हुई है, जैसा कि ऊपर भाग (क) में दिए गए आंकड़ों से स्पष्ट है।

(ग) एवं (घ) प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराये गए अपर्याप्त अनुदान

631. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य कालेजों को अपर्याप्त अनुदान उपलब्ध कराये जाने के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है और यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या यह सच है कि कालेजों में शिक्षकों के बहुत से पद इसलिये नहीं भरे जा रहे हैं क्योंकि शिक्षकों के वेतन के भुगतान के लिए धन उपलब्ध नहीं है; और